

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–251/2026

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत फूड बास्केट का वितरण किया

पटना 23 नवम्बर, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने टी०बी० रोगियों को बिहार लोक भवन में फूड बास्केट का वितरण किया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत नि–क्षय मित्र के रूप में इन मरीजों को गोद लिया था और उन्हें नियमित रूप से पोषक आहार उपलब्ध करा रहे थे। इसी क्रम में आज उन्होंने मरीजों को छठी एवं अंतिम बार फूड बास्केट प्रदान किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने टी०बी० के मरीजों को नियमित रूप से दवा और पोषक आहार लेने को कहा। उन्होंने कहा कि वे इलाज के दौरान अथवा चिकित्सक के सलाह के बिना दवा लेना बंद नहीं करें। उन्होंने उनसे अन्य लोगों को भी टी०बी० के बारे में जागरूक करने को कहा।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन, राज्यपाल की सचिव श्रीमती रचना पाटिल, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण, फूड बास्केट प्राप्त करनेवाले टी०बी० के मरीज तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

.....